तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

12 प्रधानमंत्री आवास : कोंडागांव विखं के 472...



12 बाजारपारा आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषित जीवन ...



# करोड़ों के ईनामी केन्द्रीय समिति सदस्य रूपेश के बाद भूपति ने जारी किया वीडियो मैसेज

## जंगल के नक्सलियों के लिए किया मोबाइल नम्बर सार्वजनिक, कहा- समर्पण के लिए करें सम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाल ही में सशस्त्र संघर्ष छोड़ने की घोषणा करने के बाद जगदलपुर में अपने 210 साथियों के साथ समर्पण करने वाले करोड़ों के ईनामी सीसी मेंबर रूपेश के विडियो संदेश के बाद अब महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में अपने 60 साथियों के साथ समर्पण करने वाले पोलित ब्यूरो, केंद्रीय कमेटी सदस्य, केंद्रीय रिजनल ब्यूरो सचिव एवं प्रवक्ता मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू उर्फ अभय नो भी विडियो संदेश जारी कर जगंल के नक्सलियों से सशस्त्र संघर्ष छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने कहा है। वीडियो सदेंश में भूपति ने अपना मोबाइल नम्बर भी जारी किया है, जिसमें सम्पर्क करने की अपील की है। गौरतलब है कि भूपति ने हाल ही में महाराष्ट्र पुलिस के समक्ष गढ़चिरौली जिले में आत्मसमर्पण किया था। अपने वीडियो संदेश में भूपति ने कहा कि हमने अपने कई साथियों को खोया है। पर, हमने बदलते परिस्थितियों को भांप लिया है, इसीलिए हथियारबंद संघर्ष को त्याग दिया है। भूपति ने कहा कि हथियारबंद संघर्ष से कुछ हासिल नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसी कारण हमारा संगठन जनता से दूर हुआ है। हमारे संघर्ष विराम की कुछ लोगों ने निंदा की है। हम उस निंदा का खंडन करता हूँ। इससे पूर्व जगदलपुर में सीसी मेंबर रूपेश समेत 210 नक्सलियों के आत्मसर्मण किया था। समर्पण के बाद रूपेश ने भी जंगल के नक्सलियों से आत्मसमर्पण ▶▶|शेष पेज 12 पर

### समय बंदूक उठाने का नहीं बल्कि आत्ममंथन का: भूपति

भूपति ने जारी वीडियो में कहा कि उसे संगठन के लोग गद्दार कह रहे हैं, लेकिन वह गद्दार नहीं है। भूपति ने बताया कि वर्तमान की परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। इसलिए, उसने अपने करीब 60 साथियों के साथ हथियार डालने का निर्णय लिया था। भूपति ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि संगठन में अब भी कई साथी इलाका और सत्ता हासिल करने के लिए बंदूक का रास्ता अपनाए हुए हैं, लेकिन यह जनता से दूरी पैदा करता है। उन्होंने कहा, इस रास्ते पर चलकर हम जनता से दूर हुए हैं। यह इस मार्ग की विफलता को दिखाता है। हमने अपने साथियों को खोने के बाद सरेंडर का फैसला लिया है। भूपति ने कहा कि अब वह जनता के बीच रहकर उनके लिए लोकतांत्रिक तरीकों से काम करना चाहते हैं। उन्होंने अपने वीडियो में कहा यह समय बंदूक उठाने का नहीं बल्कि आत्ममंथन का है। जनता की लड़ाई अब जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से लड़ी जानी चाहिए।



### नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील की

जारी वीडियो में भूपति ने संगठन के अन्य नक्सलियों से भी हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। उसने अपना मोबाइल नंबर 8856038533 भी जारी करते हुए कहा कि जो नक्सली हथियार छोड़ना चाहते हैं वे सीधे संपर्क कर सकते हैं। भूपति ने कहा कि संगठन के भीतर अब वैचारिक संकट गहराता जा रहा है और अब यह समय आत्मचिंतन का है।

## खबर संक्षेप

### नगर कीर्तन व शोभायात्रा का कांग्रेस ने किया स्वागत



**जगदलपुर।** सिख समाज द्वारा गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली गई नगर कीर्तन व शोभायात्रा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर कीर्तन व शोभायात्रा का स्वागत किया ।

### प्रदेश कबड्डी संघ में सचिव बनाए गए रत्नेश

**जगदलपुर।** प्रदेश कबड्डी संघ ने बस्तर संभाग से रत्नेश बेंजामिन का चयन सचिव के पद पर किया है। इससे बस्तर संभाग के कबड्डी के खिलाड़ियों में हर्ष है। रत्नेश खेलों के प्रति समर्पित रहे हैं और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित और सहयोग करते है। वर्तमान में वे बस्तर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त सचिव हैं।



### जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी पूरी



**जगदलपुर।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुचारू और त्रुटि रहित ढंग से संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जगदलपुर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न राजनैतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में सोमवार को बूथ लेवल एजेंटों के लिए एक दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के सभी प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी तथा अन्य प्रतियों के बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

### भेजरीपदर में 3 दिन में चोरों ने की 2 बाइक पार

**बकावंड।** विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेजरीपदर से 3 लाख की दो बाइक तीन दिन पूर्व चोरी हो गई। वाहन मालिक प्रार्थी खेमराज चतुर्वेदी पिता राजकुमार चतुर्वेदी ने बकावंड थाने में रिपोर्ट की है। बाइक क्र. सीजी 17 केपी 1067 का पता नहीं चला है।




## प्रदर्शन : सिंधी समाज आक्रोशित, 6 नवम्बर को बस्तर बंद का आव्हान

# अभद्र टिप्पणी पर सिंधी समाज का प्रदर्शन अनेक समाजों व संगठनों का मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीते दिनों छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज, अग्रवाल समाज एवं हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस संबंध में सिंधी समाज ने अमित बघेल पर एफआईआर दर्ज करवाई थी। लेकिन प्रशासन ने अभी तक अमित बघेल पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। इसके विरोध में सोमवार को सिंधी समाज ने कोतवाली चौक में प्रदर्शन किया। जिसमें दिगंबर जैन, श्वेतांबर जैन , अग्रवाल, आंध्र, विश्वकर्मा, माहेश्वरी ,मिथिला , पंजाबी, पंजाब सनातन धर्म सभा,उत्कल गुजराती , बंगाली,चैंबर ऑफ कॉमर्स, मुख्य मार्ग व्यापारी संघ, संजय बाजार व्यापारी संघ, विश्व हिंदू परिषद, सक्षम, सराफा संघ, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस,यादव, शौंडिक ,मराठी ,पतंजलि योगपीठ, क्षत्रिय ,सर्व हिन्दू, कायस्थ एवं अन्य समाज ने भी प्रदर्शन में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि अमित बघेल पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रदर्शन के पश्चात आक्रोश रैली निकाली गई जो कोतवाली चौक से मुख्य मार्ग होते हुए कलेक्टर ऑफिस पहुंची एवं कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। अमित बघेल पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं वरिष्ठ एवं युवा शामिल हुए। आक्रोषित युवाओं एवं महिलाओं ने रैली में अमित बघेल मुदार्बाद, पुलिस प्रशासन कार्रवाई करो, अमित बघेल को फांसी दो, हिंदू देवी देवताओं का अपमान नहीं सहेंगे नारे लगाए। सिंधी समाज ने यह चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर अमित बघेल पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो सिंधी समाज एवं समस्त हिंदू समाज 6 नवंबर को जगदलपुर बंद करेंगे। जिसमें बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, मुख्य मार्ग व्यापारी संघ, संजय मार्केट व्यापारी संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों का समर्थन मिला।





### झुलेलाल की टोपी पहन अपनी दुकानें बंद रखी

*सिंधी समाज में आज एकजुटता दिखी। जब लोगों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर धरना स्थल पहुंचे और पूरा समय दिया। झूलेलाल की टोपी पहनकर सिंधी समाज ने यह दिखाया कि हम अपने इष्ट देव और देवी देवताओं का अपमान नहीं सहेंगे। इस दौरान लगभग सभी समाजों का समर्थन भी मिला।*

### कांग्रेस ने दिया पूर्ण समर्थन

*सिंधी समाज के आक्रोश रैली में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य शामिल हुए। उन्होंने कहा जिला कांग्रेस कमेटी सिंधी समाज के विरोध प्रदर्शन का पूर्ण समर्थन करती है। इस दौरान हनुमान द्विवेदी, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, प्रशांत जैन, जावेद खान, महेश द्विवेदी, रविशंकर तिवारी, मनोज साहनी, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, निकेत झा, महेश ठाकुर, शादाब अहमद, सलीम जाफर अली मौजूद रहे।*

# कमिश्नर ने गिरदावरी सत्यापन का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने लोहण्डीगुड़ा तहसील अंतर्गत टाकरागुड़ा में राजस्व एवं कृषि विभाग के अमले द्वारा किए जा रहे खरीफ फसल गिरदावरी सत्यापन कार्य का जायजा लिया और किसानों के क्षेत्राच्छादित फसल के अनुरूप रकबा का इंद्राज राजस्व रिकार्ड में दर्ज किए जाने के निर्देश दिए।

साथ ही फसल गिरदावरी सत्यापन के दौरान सम्बंधित किसानों की मौजूदगी भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने राजस्व रिकार्ड का भी बारीकी से निरीक्षण कर फसल गिरदावरी सत्यापन स्थिति का संज्ञान लिया। वहीं मौके पर उपस्थित बंगाराम, झिमटू, सोमारू आदि किसानों से रूबरू चर्चा कर फसल की स्थिति, समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए किसान पंजीयन एवं एग्रीस्टेक पंजीयन समेत फसल गिरदावरी सत्यापन के बारे में जानकारी ली। साथ ही ग्राम पटेल सुखराम नाग एवं कोटवार शिवराम बघेल को राजस्व के कार्यों में नियमित तौर पर सहयोग देने की समझाइश दी। उन्होंने कोटवार शिवराम बघेल से वर्दी एवं टार्च की उपलब्धता के बारे में पूछा। इस दौरान अवगत कराया गया कि खरीफ फसल गिरदावरी सत्यापन का कार्य आगामी 30 नवम्बर तक किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम लोहण्डीगुड़ा नीतिश वर्मा, तहसीलदार कैलाश पोयाम सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमला मौजूद रहा।

# ग्यारह खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ग्रामीण खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दम
- प्रतियोगिताओं में ग्रामीणजनों ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग

बस्तर ओलंपिक के तहत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दरभा, जगदलपुर, तोकापाल और बस्तर में किया गया। इस प्रतियोगिता में दो ग्रुप जूनियर- सीनियर वर्ग के ग्रामीण जनों के मध्य जोन आधार पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिले के विकासखंडों में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक ग्रामीण जनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दो वर्ग जूनियर और सीनियर ग्रुप के प्रतिभागियों ने अपने-अपने जोन के आधार पर विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। पारंपरिक खेलों खो-खो, कबड्डी साथ-साथ बैडमिंटन, बॉलीबॉल, लंबीकूद, तीरंदाजी जैसे ग्यारह खेल विधाओं में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । दरभा, जगदलपुर, तोकापाल में आयोजित बस्तर ओलंपिक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में हुए इन मुकाबलों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचाने का अवसर देना रहा।



# मल्टीलेवल पार्किंग के लिए कांग्रेसी ले रहे जनसमर्थन

**जगदलपुर।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी सहित पार्षद, पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने प्रतापदेव वार्ड स्थित भूमि में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने की मांग को लेकर तीसरे दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी रखा। सोमवार को गोलबाजार क्षेत्र के दुकानों में पहुंचकर व्यापारियों से समर्थन मांगा गया। लोगों को यह बात बताई गई कि मल्टीलेवल पार्किंग बनने से इस क्षेत्र में 4 पहिए वाहन आना बंद हो जाएगा। इससे आने जाने वाले और सभी दुकान वालों को सुविधा के साथ राहत मिलेगी। बताया गया कि नगर निगम में भाजपा की सरकार इस सरकारी भूमि को एक समाज को देने के लिए तैयार है। महापौर संजय पाण्डेय पर पार्टी के बड़े नेताओं का दबाव है। सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव और बे्रवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने शहर के इस कीमती करोड़ों की जमीन एक समाज को देने समाज के पक्ष में पत्र लिखा है। जनता चाहती है कि नगर सरकार जनहित को देखते हुए इस जमीन पर पार्किंग के लिए पहल करें इससे सभी का भला होगा।



# सिरहा होने के शक में हत्या के मामले में पांच आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बामन की दुर्घटना में मृत्यु होने का आरोप लगाते हिड़मो की हत्या की गई

दो वर्ष पूर्व कोड़ेनार थाना क्षेत्र के बामन पोयाम की एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी। हिड़मो पोयाम को तू सिरहा गुनिया का काम करता है इसी कारण बामन पोयाम की मृत्यु हो गयी कहते हुये आरोपीगण ने मारपीट की । मिट्ठू पोयाम, सुखराम पोयाम, बुधराम पोयाम, सन्नु पोयाम, बुधराम पोयाम, सोमडू पोयाम सभी निवासी बाटकोंटा, सिलकजोड़ी पंचायत ने हिड़मो पोयाम के घर का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर अश्लील गाली गलौज करते हुए लड़ाई-झगड़ा कर हाथ, बांस का डंडा एवं टंगिया से प्राणघातक प्रहार कर हत्या की गयी। रामसुख मुचाकी एवं उसकी मां बुधो मुचाकी ने बीच बचाव किया। आरोपीगण ने उन्हें भी अश्लील शब्द कहते हुये मारपीट की । उस दौरान आरोपीगण के द्वारा हिडमों के साथ लगातार मारपीट की जाती रही। हिड़मो की हत्या कर बांधकर पहाड़ी की ओर ले जाकर खेत में फेंक दिया। थाना कोड़ेनार में प्रथम सूचना रिपोर्ट कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

**अर्थदंड भी दिया-** मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोपी मिट्ठू पोयाम, सुखराम पोयाम, बुधराम पोयाम, सन्नु पोयाम, बुधराम पोयाम, सोमडू पोयाम, को दोषी पाते हुय भादंसं की धारा, 302/147,सपठित धारा 149, 449, 323/149, में करावास एवं अर्थदण्ड का गुनहगार ठहराया। आरोपियों को आजीवन कारावास, एक वर्ष, 5 वर्ष तथा 6-6 माह कठोर कारावास तथा प्रत्येक धारा में 100-100 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर प्रत्येक धाराओं में 1-1 माह का अतिरिक्त कठोर कारवास भुगतना होगा।

## हल्दी गांठ रोग से किसानों की बढ़ी चिंता, गुणवत्ता पर डाल रहा असर

# कटाई के समय धान की फसल में रोग से नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार हो रही है ऐसे समय में किसानों पर संकट हल्दी गांठ नामक रोग तेजी से फैल रहा है । धान की बालियों पर लगे दाने हरे और पीले मखमली धूल जैसे हो रहे हैं। यह रोग फसल की गुणवत्ता पर असर डाल रहा है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बीमारी एक खेत से दूसरे खेत में बड़ी तेजी से फैलती है। नाइट्रोजन की अधिक मात्रा का उपयोग और नमी की अधिकता इसके फैलने की वजह मानी जा रही है। खेतों में धान की बालियां संक्रमित होते ही दाने खोखले हो जाते हैं और फसल की चमक खत्म हो जाती है।

इसी डर से किसान अब जल्दबाजी में कटाई कर रहे हैं ताकि नुकसान को कुछ हद तक कम किया जा सके। लेकिन जल्द कटाई से फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा है। इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण किसानों को भरपूर उत्पादन की उम्मीद है। मगर यह रोग उनकी मेहनत पर पानी फेरने लगा है।



### दवा छिड़काव कारगर उपाय

पौध रोग विशेषज्ञ श्वेता मंडल ने बताया कि हल्दी गांठ रोग को नियंत्रित करने के लिए प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी का छिड़काव कारगर उपाय है। 400 मिलीलीटर दवा को 150 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से इस रोग को काफी हद तक रोका जा सकता है। यह छिड़काव तब करना चाहिए जब धान में बाली निकलनी शुरू होती है।

### राहत और जागरुकता जरूरी

किसानों ने सरकार से मांग की है कि कृषि विभाग गांव-गांव पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाए और सस्ती दरों पर प्रभावी दवाएं उपलब्ध कराए ताकि किसान अपनी फसल को बचा सकें।

### सलाह और ठोस कदम चाहिए

किसानों का कहना है कि प्रशासन और कृषि विभाग को अब सलाह देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि गांव-गांव जाकर रोग नियंत्रण के लिए अभियान चलाना चाहिए।

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
07 नवम्बर 2025 (शुक्रवार) को जगदलपुर में



छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. सतीश सूर्यवंशी
MD, DM (Cardiology)



स्थानः- एम.पी.एम. हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांकः- 07 नवम्बर 2025 (शुक्रवार) समयः दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
SECL, ESIC, CSEB से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें:-
9993309922/8120991117/8109229030



Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in
#Rajesh

खबर संक्षेप

## कोंडागांव में लगेगा मेगा रोजगार मेला आज

**कोण्डागांव।** राज्य स्तरीय गोधन उत्सव 2025 के अवसर पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव द्वारा युवाओं के लिए मेगा रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह रोजगार मेला आज मंगलवार को विकासनगर मैदान, कोण्डागांव में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 521 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड में 40 पदों पर भर्ती, कोण्डागांव, सेल्फ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेज में 281 पदों पर अवसर, भिलाई और लेविवॉन सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से उसी दिन संपन्न की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, बायोडाटा एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित हों। सभी अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से उसी दिन किया जाएगा।

पेज 11 का शेष

## करोड़ों के ईनामी...

करने की अपील की थी, जिसके बाद नक्सल संगठन में भूचाल आ गया था। जगदलपुर में हुए सबसे बड़े समर्पण के बाद केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने प्रेसनोट जारी कर समर्पण करने वाले सीसी मेंबर रूपेश व उसके साथियों को संशोधनवादी, गद्दार और धोखेबाज करार दिया था। इस बयान के जारी होने के बाद रूपेश ने भी अपने साथियों के साथ जारी बयान में बताया था कि हम गद्दार नहीं है। सशस्त्र संघर्ष छोड़ना पार्टी का निर्णय था। पोलित ब्यूरो मेंबर बसवराजू के मुठभेड़ में मारे जाने से पूर्व माड़ इलाके में सशस्त्र संघर्ष छोड़ते हुए जनता के बीच रहने का निर्णय लिया गया था।

# प्रधानमंत्री आवास : कोंडागांव विखं के 472 हितग्राहियों का हुआ गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव और राज्य उत्सव के अवसर पर आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद पंचायत कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकलपुटी और सोनाबाल में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 472 हितग्राहियों को नए आवास की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया गया।

- राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जनपद सीईओ उत्तम, सहायक परियोजना अधिकारी श्री महापात्र, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीबों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान का नया अध्याय जोड़ रही है।

### ग्रामीणों को योजना से मिली पक्के घर की सौगात

### 7 नवंबर तक पूर्ण होगा शेष गृह प्रवेश

जनपद पंचायत अधिकारियों ने बताया कि कुल 1176 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 472 आवासों का गृह प्रवेश आज कराया गया है। शेष आवासों का गृह प्रवेश आगामी 7 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। यह योजना ग्रामीण अंचलों के लिए आवासीय सुरक्षा और जीवन स्तर सुधारने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कोण्डागांव जिले में इस योजना से हजारों परिवारों को अपने घर का सपना साकार करने का अवसर मिला है।




### हितग्राहियों ने जताया आभार

गृह प्रवेश करने वाले हितग्राहियों ने बताया कि पहले वे खपरे और मिट्टी के घरों में रहते थे, जहां बरसात और ठंड के मौसम में काफी परेशानी होती थी। अब पक्के मकान में रहने से सुरक्षा, सुविधा और सम्मान का अनुभव हो रहा है। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम : विधायक व कलेक्टर ने मशाल रैली निकालकर फैलाई जनजागरुकता

# बाजारपारा आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषित जीवन अभियान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को स्थानीय बाजारपारा आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुपोषित जीवन अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान आदिकर्मयोगी पहल के तहत संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बड़ी संख्या में महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मशाल रैली निकालकर अभियान का शुभारंभ किया। विधायक और कलेक्टर ने हाथों में दिया लेकर बाजारपारा से विकासनगर स्टेडियम तक पैदल रैली निकाली। इस रैली में महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपोषण सखियाँ और जनप्रतिनिधि उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली का उद्देश्य था कुपोषण उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना और जनसहभागिता से पोषण सुधार की दिशा में कदम बढ़ाना।

- कुपोषण मुक्त कोण्डागांव की दिशा में बड़ा कदम




### कुपोषित बच्चों को गोद लेकर पोषण की जिम्मेदारी उठाएं : लता

विधायक लता उसेंडी ने कहा कुपोषण केवल स्वास्थ्य नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का प्रश्न है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई बच्चा भूखा या कुपोषित न रहे। उन्होंने जिलेवासियों से कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके पोषण की जिम्मेदारी उठाने की अपील की। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं में एनीमिया मुक्त अभियान को भी तेज करने पर जोर दिया।

### कलेक्टर ने बताया, अभियान का उद्देश्य

कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान आदिकर्मयोगी पहल के तहत शुरू किया गया है ताकि सामाजिक भागीदारी से कुपोषण समाप्त करने के प्रयासों को गति मिल सके। उन्होंने बताया कि पहले से ही अधिकारी कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषण स्तर तक लाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में दी जा रही नई जिम्मेदारी

अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को पोषण प्रोग्रेस कार्ड वितरित किए गए। साथ ही पोषण सखियाँ घर-घर जाकर बच्चों और माताओं की पोषण स्थिति पर निगरानी रखेंगी और जरूरतमंद परिवारों को पोषण आहार व परामर्श उपलब्ध कराएंगी।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपेश अरोरा, गोपाल दीक्षित, हर्ष ढिल्लन, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी सहित पिरामल फाउंडेशन के जिला लीड प्रदीप राव और भारत कॉलेबोरेटिव टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही।

# बसों में सुरक्षा मानकों की जांच में 9 बसों पर हुई कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विभिन्न राज्यों में एसी स्लीपर बसों में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी, कोण्डागांव के नेतृत्व में परिवहन उड़नदस्ता, जगदलपुर की संयुक्त टीम ने बसों की सुरक्षा जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान टीम द्वारा बसों में अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास, फर्स्ट एड बॉक्स, और अन्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 9 बसों से 18,500 शमन शुल्क वसूला गया।

- एसी स्लीपर बस दुर्घटनाओं को देखते हुए बढ़ाई गई सख्ती

### यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि जिला परिवहन अधिकारी

जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच करें और नियमों का पालन सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि यात्रियों की यात्र सुरक्षित और निर्बाध बनी रहे।

# गुरु घासीदास बाबा के अपमान के विरोध में सतनामी समाज का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के सतनामी समाज ने सोमवार को मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें विजय सिंधी और उनके साथियों पर परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा का अपमान करने का आरोप लगाया गया। समाज ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 29 अक्टूबर को विजय सिंधी और उनके साथियों ने षड्यंत्रपूर्वक गुरु घासीदास बाबा जी के प्रति अभद्र भाषा और गाली-गलौज करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। इस घटना से सतनामी समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी विजय सिंधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन उसके साथी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। समाज ने मांग की है कि उन्हें भी तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सतनामी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज उग्र आंदोलन करने को विवश होगा। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा जी की आस्था और मर्यादा से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**समाज के पदाधिकारी रहे उपस्थित** – ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सतनामी समाज अध्यक्ष सानू मारकंडे, संरक्षक आर. के. बंजारे, सहसंयोजक भुवनलाल मारकंडे, प्रधान संयोजक लखमूराम टंडन, अध्यक्ष भगत सोनवानी, पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र डहरिया, शिवरात्रु सुरेश बघेल, जोहन बेर, फूल सिंह, विशाल बंजारे सहित सतनामी समाज के सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शौचालय की व्यवस्था नहीं, खिलाड़ी खुले में शौच जाने के लिए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत आलोर के परछीपारा में सोमवार को तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2025 खेल का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट में अवस्थाओं का आलम दिखने को मिला। जहां खेल मैदान में खिलाड़ियों के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं की है थी। जिसके कारण खिलाड़ियों काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ा। शौचालय के इंतजाम नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को लेकर खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। खेल मैदान के पास स्थित जंगल का सहारा लेना पड़ा। खेल करा रहे सम्बन्धित विभाग द्वारा खेल मैदान में किसी भी प्रकार की अस्थाई शौचालय एवं चलित की व्यवस्था नहीं की गई थी। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। खेल की प्रथम दिन जूनियर और सीनियर वर्ग के एकल व्यक्तिगत खेल जैसे 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ , 400 मीटर दौड़, लंबी कूद , ऊंची कूद रिले रेस , भाला फेक , गोला फेक के साथ रस्सा खींच प्रतियोगिता हुआ।

- बस्तर ओलंपिक खेल में दिखी अवस्थाएं





जानकारी के इस खेल प्रतियोगिता में फरसगांव ब्लॉक के जूनियर और सीनियर वर्ग के कुल 1779 चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे, जिसमें प्रथम दिन 544 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगा। जिसमें दूसरे दिन मंगलवार को जूनियर वर्ग हेतु सामूहिक खेल बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी खो खो, वॉलीबॉल , रस्साकसी कराए जाएंगे, जिसमें 544 प्रतिभागी शामिल होंगे वहीं तीसरे दिन बुधवार को सीनियर वर्ग हेतु सामूहिक खेल बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी खो खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी कराए जाएंगे , जिसमें 691 प्रतिभागी भाग लेंगे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कलता मंडावी, जिपं सदस्य जायलाल नाग, नपं अध्यक्ष प्रशांत, एसडीएम अश्वन पूसाम, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र नेताम, बीईओ श्रीराम टेकाम, एबीईओ उदित सोनी, बीआरसी मरकाम, एबीआरसी भास्कर वर्मा, पीटीआई , लीना तिवारी, शेषनाथ पाण्डे, जागृति पटेल, प्रवीण राव, उमेश पांडे, मोहन भारद्वाज, कुमेंद पांडे, समेत शिक्षक और ब्लॉक के चयनित खिलाड़ी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने आधार अद्यतन शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज स्थानीय चावरा स्कूल और सेजेस लंजोड़ा में आयोजित आधार अद्यतन शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपार आईडी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण प्रक्रिया में आधार कार्ड की त्रुटियों को शीघ्र सुधारना अत्यंत आवश्यक है ताकि सभी विद्यार्थियों को शिक्षा पोर्टल से जोड़ा जा सके।

- अपार आईडी निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश
- विद्यालयों में आधार अद्यतन की प्रगति का लिया जायजा

उन्होंने बताया कि कई विद्यार्थियों के नाम और जन्मतिथि में हुई त्रुटियों के कारण अपार आईडी बनने में बाधा आ रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए उनके निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में आधार अद्यतन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी आसानी से अपना आधार अद्यतन करवा पा रहे हैं जिससे अपार आईडी निर्माण कार्य में तेजी आएगी।



### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने लंजोड़ा में आयोजित बस्तर ओलंपिक के जोन स्तरीय प्रतियोगिता स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने खेल मैदान में पहुँचकर खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके खेल प्रदर्शन की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, संयुक्त निदेशक आईटी एनआईसी हेमंत भगत, तथा विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टीम को निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों के आधार व अपार आईडी अद्यतन कार्य शीघ्रता से पूर्ण किए जाएँ।

# कलेक्टर नुपूर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय शामपुर का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, शामपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, छात्रवास की स्थिति, शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए चार्ट और शैक्षणिक मॉडल देखे गए। कलेक्टर ने इन रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और उन्हें आगे भी सृजनात्मकता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालय शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। **समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश**-निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कन्या आश्रम में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, पेयजल समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्यालय की प्रयोगशाला में फर्नीचर की व्यवस्था के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया।



**विद्यार्थियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ-** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की एकता और भाईचारे के महत्व को समझाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया।

**ये रहे उपस्थित** - इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, आदिवासी विकास विभाग के मंडल संयोजक रोशन सहारे, तथा विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए विद्यालय के सुधार के लिए अपने सुझाव भी साझा किए।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए बीएलए और बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न

# मतदाता सूची के अद्यतन और त्रुटिरहित पुनरीक्षण पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटि रहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोण्डागांव विधानसभा एवं नारायणपुर विधानसभा आंशिक के अंतर्गत कार्यरत बीएलओ बूथ लेवल अधिकारी और बीएलए बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षण दिया गया। यह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अजय उरांव ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

- कोण्डागांव और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण



### फॉर्म भरने और त्रुटि रहित प्रक्रिया पर दिया गया प्रशिक्षण

अधिकारियों ने बीएलओ और बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं को फॉर्म 6, 7, 8 और 8 ए को सही ढंग से भरने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही पुनरीक्षण के दौरान योग्य मतदाताओं को जोड़ने और मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया में सावधानी और वस्तुनिष्ठता बरतने पर बल दिया गया।

### अधिकारियों की उपस्थिति और मार्गदर्शन

इस अवसर पर तहसीलदार मनोज रावटे और डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया उपस्थित रही। उन्होंने भी प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए जिले की मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सके।

# जल जीवन मिशन बना जल विहीन मिशन, नारायणपाल के ग्रामीण बोले योजना का लाभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत आड़ावाल के आश्रित ग्राम नारायणपाल में आज भी बुनियादी सुविधा के नाम पर सबसे बड़ी समस्या पेयजल संकट की है। तीन साल पहले बड़ी उम्मीदों के साथ यहां जल जीवन मिशन की नींव रखी गई थी। आधा चेंबर बनाए गए और योजना का शुभारंभ बड़ी घोषणाओं के साथ किया गया। लेकिन अब हालात यह हैं कि तीन साल बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों के घरों तक एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है।

■ पाइपलाइन अधूरी छोड़ दी गई और चेंबर अब मलबे में बदल चुके

ठेकेदार ने कार्य बंद करते हुए कहा कि पैसा नहीं आ रहा है। नतीजा यह हुआ कि सिर्फ गड्ढे खोदे गए, पाइपलाइन अधूरी छोड़ दी गई और चेंबर अब मलबे में बदल चुके हैं। ग्रामीण अब सवाल उठा रहे हैं जल जीवन मिशन अब सिर्फ मिशन रह गया है, इसमें जल नहीं है। नारायणपाल के निवासी लक्ष्मण बघेल बताते हैं हम हर दिन पानी के लिए भटकते हैं। जल जीवन मिशन का नाम तो खूब सुना, लेकिन पानी आज तक नहीं मिला। गांव के लोग कुओं और तालाबों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। बस्तर जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने कहा कि ठेकेदारों को भुगतान नहीं हुआ, विभाग सिर्फ बैठकों और दिखावों तक सीमित है। अधिकारी कभी गांव का दौरा करने नहीं आए। जल जीवन मिशन कागजों में चल रहा है, जमीन पर नहीं। गांव की हकीकत यह है कि बिछाई गई पाइपलाइन कई जगहों पर फट चुकी है, चेंबर जर्जर हो गए हैं और खुदे हुए गड्ढे अब मच्छरों का अड्डा बन चुके हैं। तीन साल से अधूरे पड़े काम का खामियाजा आज ग्रामीण भुगत रहे हैं। शुद्ध पानी की व्यवस्था ठप पड़ गई है और नलकूप की मांग को भी विभाग जल जीवन मिशन के अंतर्गत बताकर टाल रहा है।



ग्रामीणों की नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। लोग सवाल कर रहे हैं। कमलोचन ठाकुर ने कहा कि जनता पानी के लिए तरस रही है पीएचई विभाग की लापरवाही के कारण यह योजना असफल हो गई है। यदि यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और भयावह रूप ले सकता है।

नारायणपाल के लोग कह रहे हैं जब पानी नहीं दे सकते गारंटी का क्या मतलब बस्तर जैसे इलाकों में योजनाएं फोटो और फाइलों तक सीमित हैं। जमीनी सच्चाई यह है कि जल जीवन मिशन जैसे करोड़ों के प्रोजेक्ट जल विहीन मिशन बनते जा रहे हैं और जनता अब जवाब मांग रही है।

## खबर संक्षेप

### जनपद उपाध्यक्ष ने किया स्कूलों एवं छात्रावासों का निरीक्षण



**लोहण्डीगुड़ा।** लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बसंत कश्यप ने मारीकोड़ेर तथा मारडूम के स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से मुलाकात कर उनका हाल जाना एवं बेहतर व्यवस्था एवं शिक्षा सुधार को लेकर निर्देशित किया। उनके साथ गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप सुदरू सेठिया, निरंजन बघेल, तुलसी मण्डावी मौजूद रहे।

### बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ियों का दिखा दम



**बस्तर।** विकासखण्ड बस्तर में जोन स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का आयोजन 3 नवम्बर से प्रारम्भ किया गया। आज 4 ज़ोन घोटिया, सिवनी, तुरपुरा व करन्दोला में जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त जोन स्तरीय प्रतियोगिता का अवलोकन बस्तर ओलम्पिक ब्लॉक नोडल एवं सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी द्वारा किया गया।

### आधार कार्ड सुधार शिविर में पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार



**तोकापाल।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर बस्तर हरीश एस ने संपूर्ण बस्तर जिला में आधार कार्ड में सुधार हेतु सभी विकासखंड में शिविर आयोजित किया है। इसी क्रम में आज तोकापाल विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में आयोजित शिविर में एसडीम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा एवं तोकापाल तहसीलदार यशोदा तेतरेपा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर संस्था के प्राचार्य विधु शेखर झा से शिविर की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि शिविर का लाभ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में मिले इसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वहां लाभार्थियों की उपस्थिति देखकर भरोसा व्यक्त किया कि कार्य को गति दिया जा रहा है। दोपहर तक 31 लोगों का दूरूस्तीकरण का कार्य किया जा चुका था।

### जल स्वच्छता व सफाई पर चला जागरुकता अभियान



**बस्तर।** एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के सहयोग से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा बच्चों एवं ग्रामवासियों में स्वच्छता प्रति जागरूक करना था। संस्था के जिला समन्वयक ने बताया कि स्वच्छता से हमारा शरीर स्वस्थ रहता हैं। स्वच्छ जल और उचित स्वच्छता से बीमारियों को रोका जा सकता हैं। स्वच्छ जल और नियमित हाथ धोने जैसी स्वच्छता की आदतों से हैजा, टाइफाइड और दस्त जैसी बिमारियों को रोका जा सकता हैं। खराब स्वच्छता का असर सिर्फ सेहत पर नहीं बल्कि देश के विकास पर भी पड़ता हैं साथ ही टीम द्वारा हस्त प्रक्षालन प्रकिया करके बच्चों को समझाया गया।

# बीजापुर में राज्योत्सव का भव्य व दिव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बीजापुर के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन गरिमामय एवं उल्लासमय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





■ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की शुरुआत

कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक और पारंपरिक रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बीजापुर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारग एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस रजत महोत्सव को हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया। अपने उद्बोधन में सांसद महेश कश्यप ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था और आज यह 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा पूरी कर चुका है। सांसद कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरा प्रदेश रजत महोत्सव को गौरवपूर्ण ढंग से मना रहा है। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ तीव्र गति से विकसित छत्तीसगढ़ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, सड़क और परिवहन सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जलजीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुँचाया जा रहा है। किसानों को उनकी उपज का 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी की जा रही है।

राज्य की मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप हर व्यक्ति को पक्का आवास देने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक आवास स्वीकृत हुए हैं और निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। तेंदू पत्ता संग्राहकों से अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा के दर से उनके आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार। सांसद कश्यप ने कहा कि बीजापुर जिले का गठन मई 2007 में हुआ जो पूर्व में दंतेवाड़ा जिले का हिस्सा था। जिला बनने के बाद यहां के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्तमान में बीजापुर में चार अनुभाग, छह तहसील एवं चार विकासखंड हैं, जिससे नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल रहा है। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी, मोबाईल नेटवर्क के विस्तार से बीजापुर जिले का स्वरूप अब बदल रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

उन्होंने बताया कि बीजापुर अब घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र से सामान्य क्षेत्र की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना के तहत पुलिस सुरक्षा कैंपों की स्थापना से अंदरुनी क्षेत्रों में सड़क बिजली पानी राशन दुकान स्कूल अस्पताल आंगनबाड़ी बनाए जा रहे है नागरिक सुविधाओं की पहुंच सुगम हुई है। अंत में उन्होंने कहा कि बस्तर अब सुरक्षा, शांति और विकास के पथ पर अग्रसर है। तीरंदाजी व्हालीबाल प्रतियोगिता भव्य आयोजन राज्योत्सव मैदान में हुआ जिसमें सांसद ने रोमांचक मैच देखे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुऐ बदलते बीजापुर के विषय में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बीजापुर को प्राप्त हो रही उपलब्धियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जिलाराम राना, घासीराम नाग सहित कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी राज्योत्सव नारायण प्रसाद गवेल सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीएवी किरंदुल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



**किरंदुल।** डीएवी क्षेत्रीय नेशनल स्पोर्ट्स अंडर-14 जो हुडको भिलाई में आयोजित किया गया था । जिसमें डीएवी किरंदुल के 10 छात्र और 10 छात्राओं ने भाग लिया था । इस प्रतियोगिता में रितिका वेट्टी ने लम्बी कूद और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिप्ती सोनानी ने भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 4 गुणा 400 रिले में डिम्पल, वर्षा वेको, दिप्ती, खुशी ने रजत पदक प्राप्त किया। 4 गुणा 100 रिले में रितिका वेट्टी, अपूर्वा, लक्षिता, अलीशा ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया। बालक वर्ग में गोला फेंक में शानू भट्टाचार्य रजत पदक , तवा फेंक में कांस्य पदक और मयंक झाड़ी 1500 मीटर रेस में रजत पदक प्राप्त किया। 4 गुणा 400 रिले में ताकेश ,मयंक, सागर ,शानू, दुष्यंत ने रजत पदक जीता। खेल शिक्षक मनोज सिंह, तृप्ति श्रीवास्तव और दिलहरन ने बच्चों की मेहनत को सराहा और डीएवी नेशनल जो दिल्ली मे 22 से 24 नवंबर को होने वाला है उसमें भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की है। स्कूल के प्राचार्य एस के श्रीवास्तव सर ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और नेशनल के लिए अच्छी तैयारी करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है इसलिए हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए स्कूल का नाम एवं किरंदुल सहित दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन करें।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की हुई समीक्षा

# धान खरीदी के लिए 15 केन्द्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

धान खरीदी खरीफ वर्ष 2025-26 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के दिशा निर्देश अनुरूप आगामी 15 नवंबर को धान खरीदी प्रारंभ कर दी जायेगी। इस संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत के अध्यक्षता में धान उपार्जन केन्द्रों के नोडल, उड़नदस्ता दल, तहसीलदार, तथा खाद्य विभाग, मंडी सहकारिता विभाग की बैठक ली गई। बैठक के एजेंडा में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु कृषकों का पंजीयन, बारदाना व्यवस्था, पीडीएस बारदानों का एकत्रीकरण, मिलर्स के पास उपलब्ध पुराने बारदानों का सत्यापन, उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु आवश्यक तैयारी, कांटा-बॉट का सत्यापन, एफ.ए.क्यू.के मापदण्ड अनुसार धान की खरीदी, उपार्जन केन्द्रों में धान के उप किस्मों के पृथक स्टैकिंग कराना, पुराने धान की पहचान एवं उपयोग को रोकना, संवेदनशील खरीदी केन्द्रों का चिन्हांकन, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केन्द्रों में धान उपार्जन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मॉनिटरिंग, कस्टम मिलर्स के कार्य की सतत निगरानी, कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान खपाने की गतिविधि पर रोक, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का व्यापक प्रचार-प्रसार जैसे बिंदु शामिल थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी केन्द्रों में कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, इंटरनेट सुविधा, बायोमेट्रिक, मोष्चर मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक तराजू से ही धान खरीदी किये जाने तथा सुरक्षा की दृष्टि से भण्डारण को डबल डेनेज के लिए भी उन्होंने निर्देशों का पालन करने को कहा है।



# ओलम्पिक युवाओं को दे रहा मुख्यधारा से जुड़ने का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में बस्तर ओलम्पिक के विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ आज हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिले के कटेकल्याण के परचेली, दंतेवाड़ा के बालूद, भांसी एवं गीदम के जावंगा में कार्यक्रमों की शुरुआत विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा की गई। खेलों के शुभारंभ के साथ ही विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुईं।



विधायक चैतराम अटामी ने इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो व्यक्ति में अनुशासन, एकता और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेल स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त मंच है। यह आयोजन विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र के युवाओं, आदिवासी समुदायों तथा पूर्व नक्सल प्रभावित या समर्पित व्यक्तियों को समाज में सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से व्यक्ति को देश-दुनिया को देखने और अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने का अवसर मिलता है।

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें एक ही मंच पर पिता-पुत्र और माता-पुत्री जैसे पारिवारिक प्रतिभागी भी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे खेलों में पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक एकता की भावना मजबूत हो रही है। विधायक ने बताया कि पिछले वर्ष भी बस्तर ओलम्पिक में जिले के अनेक प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया था।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेलों से गांव-गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देता है और उन्हें बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है केवल ऐसे मंचों की जो उन्हें पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करें।

# पारंपरिक खेलों की धूम, थिरका तोकापाल और दरभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल/दरभा

बस्तर जिले के तोकापाल और दरभा विकासखंड में बस्तर ओलंपिक का आगाज उत्साह और उमंग से हुआ। पारंपरिक खेलों से सराबोर इस आयोजन में मैदान में न सिर्फ खिलाड़ी पसीना बहाते नजर आए, बल्कि दर्शकों के बीच भी खेलों का रोमांच देखने को मिला।

■ सांसद कश्यप और विधायक गोयल ने खुद खेलकर बढ़ाया खिलाड़ियों का जोश

भव्य समारोह में बस्तर सांसद महेश कश्यप और चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खास बात यह रही कि दोनों ने स्वयं भी मैदान में उतरकर खेलों में भाग लिया, जिससे माहौल तालियों और जयघोषों से गूंज उठा।



इस वर्ष कुल 16 पारंपरिक खेलों कबड्डी,रस्साकशी,तीरंदाजी, दौड़, लंबी कूद और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 42 पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया कि बस्तर की धरती न सिर्फ परंपराओं की धरोहर है,बल्कि खेल प्रतिभाओं की भी जननी है।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर ओलंपिक ग्रामीण खेलों को नई पहचान दे रहा है। यह आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और आपसी सौहार्द की भावना को सशक्त बना रहा है। वहीं विधायक विनायक गोयल ने कहा कि इन खेलों के माध्यम से बस्तर की गौरवशाली संस्कृति नई पीढ़ी तक पहुँच रही है। यह परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रेरक प्रयास है। पूरे आयोजन में मैदान तालियों, लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों से गूंजता रहा। खिलाड़ियों की जीत पर नाचते दर्शक और ग्रामीणों का उत्साह आयोजन को जनउत्सव में तब्दील कर गया।

### बस्तर ओलंपिक ने ग्रामीण खेलों को दिया नया जीवन

तोकापाल और दरभा ब्लॉक में हुए बस्तर ओलंपिक ने ग्रामीण खेलों को नया जीवन दिया। 42 पंचायतों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर बस्तर की संस्कृति, खेल भावना और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। सांसद महेश कश्यप और विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया, वहीं कबड्डी, रस्साकशी और तीरंदाजी जैसी प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरे आयोजन में परंपरा, जोश और उत्सव का संगम नजर आया।

# देवउठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह का पर्व गीदम में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही बाजार और दुकानों में काफी भीड़ रही। लोगों ने दिनभर उपवास रखा और अपने घरों में तुलसी चौरा की साफ-सफाई और पुताई कर तुलसी माता की पूजा-अर्चना की। लोगों ने तुलसी माता को नई फसल का चावल, गन्ना, चना भाजी, आवंला, कच्चा सिंघाड़ा आदि अर्पित किए। घरों में दीप प्रज्वलित किए गए और बच्चों ने जमकर आतनी फोड़कर खुशी का इजहार किया। पौराणिक मान्यता के अनुसार, कार्तिक मास की एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह की क्षीर निंद्रा के बाद सोकर उठते हैं। इस कारण इसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसी दिन से हिन्दू धर्म में मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृहप्रवेश, नामकरण आदि की शुरुआत होती है। देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई।

■ जागे देव, प्रारंभ हुए मांगलिक कार्य



### बाजार में उमड़ी भीड़

देवउठनी एकादशी के अवसर पर बाजार में आम दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ रही। दुकानदारों ने सभी पूजन सामग्रियों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी थी। गन्ने की कीमतें 30 से 100 रुपये प्रति नग तक रहीं। तुलसी विवाह के लिए गन्ने से सजे मंडप आकर्षण का केंद्र बने रहे।

# बस्तर ओलंपिक का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

बस्तर विकासखंड के ग्राम करनदोला भानपुरी के हाई स्कूल स्टेडियम में सोमवार को बस्तर ओलंपिक खेल का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के हाथों मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, ग्राम सरपंच संध्या कश्यप उपस्थित थे। युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ना व उनके खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक में दौड़, वॉलीबॉल, कबड्डी आदि प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र सराबोर रहा। 11 ग्राम पंचायत की टीम इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर खिलाड़ियों ने अपने-अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्राचार्य टीआर दुर्गम, गिरीश साहू, विकाश पाठक सहित संकुल समन्वयक संजय तिवारी, तुलसी बघेल, कृष्णा बघेल, दुर्योधन वैद्य, राजू राम, कुलेंद्र राठौर, विनय ठाकुर, महेश बैश एवं गजेंद्र पाणिग्रही, चरण सिंह कश्यप, देवराज सोलंकी, मनीषा सिन्हा, कविता कश्यप, माया बैद, कमला नाग आदि कर्मचारियों का सहयोग सराहनी रहा।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लोहण्डीगुड़ा, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 01/अ-2/2025-2026

कन्हई मौर्य पिता कचड़ू मौर्य उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया सा. उसरीबेड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा ..........आवेदक

**विरूद्ध**

छ.ग. शासन..........अनावेदक

**/ ईश्तहार/**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हई मौर्य पिता कचड़ू मौर्य जाति मुरिया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम उसरीबेड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम उसरीबेड़ा प.ह.क्रं.-13 रा.नि.मं. चित्रकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा में स्थित खसरा क्रमांक 112/3 रकबा 0.0210 हे. भूमि क्रय-विक्रय के माध्यम से अपने स्वामीत्व भूमि का ख. नं. 112/3 रकबा 0.0210 को आवासीय हेतु कृषि भिन्न प्रयोजन से परिवर्तित करने हेतु बी-1 नक्शा, खसरा, शपथ पत्र, तलवाना फार्म, पुराना मिसल, आवेदन पत्र सहित न्यायालय में धारा 172 छ.ग. भू.रा. संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः यदि कोई व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा, विधिवत प्रारूप तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व लोहण्डीगुड़ा के कार्यालय में दिनांक 14/11/2025 शाम 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

## खबर संक्षेप

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में अनुति का शानदार प्रदर्शन



**जगदलपुर।** शहर की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी अनुति तेन्नेटी ने राज्य स्तरीय विद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीती है। अंबिकापुर में संपन्न प्रतियोगिता में उन्होंने अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रतिभा का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ की अंडर-14 टीम में जगह बनाई है।

अब अनुति दिसंबर माह में मध्य प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस वर्ग में पूरे संभाग से चयनित होने वाली अनुति एकमात्र खिलाड़ी हैं। पिछले पांच वर्षों से अनुति कोच क्रिस क्रिस्टोफर से प्रशिक्षण ले रही हैं। कोच ने बताया कि अनुति उनकी चौथी ऐसी खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगी। इससे पूर्व उनकी तीन अन्य शिष्याएं भी छत्तीसगढ़ की ओर से नेशनल प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने बताया कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को दिन में दो बार विशेष सत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है।

### रजत जयंती समारोह का समापन आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह का तीन दिवसीय भव्य आयोजन मंगलवार को सिटी ग्राउंड में अपने रंगारंग समापन की ओर अग्रसर है। राज्य की समृद्ध कला और विरासत को समर्पित समारोह तीसरे और अंतिम दिन दर्शकों को एक अविस्मरणीय अनुभव देगा।

कार्यक्रम की शुरुआत मोक्षी पांडे द्वारा प्रस्तुत शक्तिशाली देवी तांडव से होगी।

# लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सजी जगदलपुर की शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिटी ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह का भव्य आगाज 2 नवंबर को हुआ। समारोह के पहले दिन बस्तर की धरती पर प्रदेश की विविध सांस्कृतिक और लोक कलाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत कलाकार सुजय के मनमोहक कथक नृत्य से हुई। उन्होंने तीन ताल पर प्रस्तुति देकर शास्त्रीय कला की उत्कृष्टता का परिचय दिया। इसके तुरंत बाद कला के विभिन्न रंग मंच पर बिखरे। स्वामी विवेकानंद विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य ने दर्शकों को विविधतापूर्ण कलात्मकता से जोड़ा।

युवा शक्ति के प्रतीक जमावाड़ा के बैंड ने अपनी प्रस्तुति से माहौल में जोश और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम का समापन विद्या ज्योति स्कूल द्वारा प्रस्तुत ऊर्जा से भरपूर समूह पंजाबी नृत्य से हुआ, जिसने छत्तीसगढ़ के इस समारोह में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का संदेश दिया। साथ ही तोकापाल ब्लॉक के नैनमूर लोक नर्तक दलों की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मोहित किया। सिटी ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति का यह पहला दिन कला, संस्कृति और परंपरा के एक अविस्मरणीय उत्सव के रूप में यादगार बन गया।

## सिटी ग्राउंड में रजत जयंती समारोह का भव्य शुभारंभ




### परचनपाल के समूह का कलात्मक प्रदर्शन

समारोह में छत्तीसगढ़ की माटी की महक तब आई जब माता रुक्मणी कन्या आश्रम की बालिकाओं ने पारंपरिक समूह करमा नृत्य की सजीव प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुति बस्तर अंचल की जनजातीय संस्कृति की अनमोल धरोहर का प्रतिनिधित्व कर रही थी। इसके अलावा कन्या परिसर परचनपाल के समूह ने भी अपने कलात्मक प्रदर्शन से दर्शकों का ध्यान खींचा।

## नियमित रूप से शासकीय कामकाज का संपादन करें : कमिश्नर

# हर महीने तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा में एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय सहित जनपद पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं

- कमिश्नर ने एसडीएम कार्यालय, तहसील सहित अन्य कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

खण्ड स्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और शासकीय कामकाज स्थिति की जानकारी ली। वहीं अधिकारी और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर नियमित रूप से शासकीय कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने शासकीय कार्यालयों और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर देते हुए हर महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाए जाने सहित कार्यालय और कार्यालय परिसर की साफ-सफाई किए जाने की समझाइश दी। उन्होंने कार्यालय के आलमारी, अन्य फर्नीचर एवं दस्तावेजों की साफ-सफाई करने के साथ ही अनुपयोगी सामग्रियों का अपलेखन किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने लोहण्डीगुड़ा के शासकीय कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान पंजियों, नस्तियों तथा अन्य दस्तावेजों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने कहा। वहीं ई-ऑफिस के संचालन स्थिति की जानकारी ली और जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के व्यक्तिगत नस्तियों यथा सेवा पुस्तिका, पासबुक इत्यादि का भी समुचित संधारण करने कहा।



कमिश्नर ने एसडीएम और तहसील कार्यालय के निरीक्षण करने के दौरान ई-कोर्ट में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति की जानकारी ली और समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण किए जाने पर जोर देते हुए पक्षकारों की सहूलियत के अनुरूप जल्द पेशी रखने समेत उन्हें मैदानी अमले के जरिए तामीली करवाने कहा। उन्होंने जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु लोक सेवा केन्द्र का नियमित संचालन सुनिश्चित कर आवेदकों को समय पर दस्तावेज सुलभ करवाने कहा। कमिश्नर ने रिकार्ड रूम का अवलोकन कर इसे निर्वाचन कार्य के स्ट्रांग रूम की तरह सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए और समय-समय पर आवश्यक दवाई का छिड़काव करने सहित बिजली के कटआउट बाहर लगाने तथा कार्यालय समय उपरांत कटआउट निकाल कर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकार्ड रूम के लिए पृथक से अग्निशमन यंत्र रखे जाने कहा।

कमिश्नर ने लोहण्डीगुड़ा तहसील के अंतर्गत पटेल एवं कोटवारों के रिक्त पदों को जल्द पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पटवारी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उच्च कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित करने कहा। इस अवसर पर एसडीएम लोहण्डीगुड़ा नितिश वर्मा, तहसीलदार कैलाश पोयाम, सीईओ जनपद पंचायत धनेश्वर पाण्डेय, बीईओ शालिनी तिवारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### रिक्त पदों की ली जानकारी

कमिश्नर ने कार्यालय सहायकों को विभिन्न शाखाओं के कामकाज को सीखने-समझने सहित कार्यों को बेहतर ढंग से संपादित करने के लिए हर तीन साल बाद कर्मचारियों का टेबल रोस्टर सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही रिक्त पदों की जानकारी ली और इन पदों की पूर्ति हेतु विभागीय उच्च कार्यालयों के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को आगामी 10 दिवस के भीतर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

# जनजातीय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की झलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने अपनी शैक्षणिक पहचान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रविवार को कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के स्टॉल का अवलोकन किया और

- कुलपति ने स्टॉल पर पहुंचे लोगों की जिज्ञासा को किया दूर

आगंतुकों को विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य के एकमात्र मेरु दर्जा प्राप्त विश्वविद्यालय के रूप में बस्तर विवि ने एक ही स्थान पर बहुविषयी शिक्षा और अनुसंधान केंद्र को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की व्यवस्था से केवल बस्तर संभाग ही नहीं बल्कि समूचा छत्तीसगढ़ लाभान्वित होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थापित अभिनव कार्यक्रमों के उद्देश्यों पर भी जानकारी दी।

### उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने पर चर्चा

कुलपति ने राज्योत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र को और सशक्त बनाने पर चर्चा की। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा लगाई गई भारतीय न्याय संहिता की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और आईजी, डीआईजी, डीएसपी एवं सीआईडी अधिकारियों से नए कानून की बारीकियों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय टीम के समन्वयक डॉ समीर ठाकुर, डॉ भुवनेश्वर लाल साहू, डॉ रवींद्र कुमार यादव, डॉ कृष्ण कुमार वर्मा,डॉ लखन लाल विश्वकर्मा एवं देवेन्द्र यादव उपस्थित थे।

# मंत्री केदार कश्यप ने किया अमलीगुड़ा एनीकट कम कॉजवे जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन की जनहितैषी नीतियों और विकास को हर कोने तक पहुँचाने की प्राथमिकता के तहत सोमवार को बस्तर जिले के बाकेल

- 2 करोड़ 27 लाख रुपए से अधिक राशि से होगा अमलीगुड़ा एनीकेट कम कॉजवे का जीर्णोद्धार कार्य

में एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ हुआ। ग्राम पंचायत अमलीगुड़ा के निवासियों को बड़ी सौगात देते हुए छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप ने 2 करोड़ 27 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से अमलीगुड़ा एनीकट-कम-कॉजवे के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया।

जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत यह परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हर कोने में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना और सभी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि यह एनीकट-कम-कॉजवे का जीर्णोद्धार कार्य न केवल जल प्रबंधन में सुधार करेगा, बल्कि क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी मजबूत बनाएगा, जिससे अमलीगुड़ा और आस-पास के क्षेत्रों की जनता को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान, जनपद पंचायत सदस्य माहंगी कश्यप और ग्राम पंचायत अमलीगुड़ा के सरपंच दयमन बघेल सहित कई गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अधूरा पुलिया बना परेशानी का कारण, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बकावंड ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत उड़ीयापाल तलपारा में विधायक निधि से स्वीकृत पुलिया निर्माण लापरवाही और आर्थिक अनियमितता का उदाहरण बन गया है। लगभग 3 लाख की राशि स्वीकृत हुई थी जिसमें से 1 लाख खर्च दिखाया गया वहीं पुलिया निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। निर्माण स्थल पर सिर्फ गड्ढे खोदकर काम रोक दिया गया है जिससे ग्रामीणों को पिछले एक माह से परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अधूरे गड्ढों के कारण बाइक सवार और पैदल चलने वालों पर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। बरसात के समय स्थिति गंभीर होने का अंदेशा है। ग्रामीणों के अनुसार सरपंच और सचिव ने राशि निकालने के बाद कार्य अधूरा छोड़ दिया है। विधायक निधि से स्वीकृत कार्य का अधूरा रह जाना ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक, जनपद पंचायत सीईओ एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और अधूरा पुलिया निर्माण जल्द पूरा कराया जाए। इससे लोगों को आवाजाही में राहत मिल सकेगी।

### सीईओ और सचिव ने नहीं दिया जवाब

इस संबंध में बकावंड जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परमेश्वर कुर्रे तथा ग्राम पंचायत ओड़यिा पाल के सचिव गूलमल ठाकुर से चर्चा करने कॉल किया गया लेकिन दोनों ने कोई जवाब नहीं दिया।

# सहकारी बैंक कर्मचारी लंबित वेतन वृद्धि पर आक्रोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पांच वर्ष से लंबित वेतन वृद्धि को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। 17 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। यह निर्णय रविवार को कर्मचारी संघ की

- 17 नवंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

आमसभा में सर्वसम्मति से लिया गया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले पाँच वर्षों से वेतन वृद्धि का प्रस्ताव शासन और पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर के स्तर पर अटका हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि इस वेतन वृद्धि से शासन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं आता इसके बावजूद मामला जानबूझकर लंबित रखा गया है। संघ के अनुसार पंजीयक द्वारा निर्धारित सभी वित्तीय और संरचनात्मक मापदंड मार्च 2025 तक पूरे कर लिए गए फिर भी प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी जा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि 30 प्रतिशत स्टाफ की कमी के बावजूद बैंक ने अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किया लेकिन सरकार और विभाग की उदासीनता से कर्मचारी निराश है।



### कर्मचारी संघ का आरोप

कर्मचारी संघ ने यह आरोप लगाया कि पंजीयक कार्यालय दो बार हाईकोर्ट बिलासपुर में मामला हार चुका है। बावजूद अब सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की गई है जो कर्मचारियों के प्रति दुर्भावना प्रतीत होता है। 17 नवंबर से पहले कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### संघर्ष और समर्पण के बीच कर्मचारी की पीड़ा

पांच साल से बिना वृद्धि के काम कर रहे सहकारी बैंक कर्मी आज भी अपने दायित्वों को पूरा कर रहे हैं। लक्ष्यों की पूर्ति, वित्तीय अनुशासन और ग्राहक सेवा में प्रदेशभर में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद उन्हें हक से वंचित रखा गया है। शासन की चुप्पी अब आक्रोश में बदल रही है। कर्मचारी कह रहे हैं हमने जिम्मेदारियाँ निभाईं अब सरकार अपनी निभाए। यह आंदोलन केवल वेतन वृद्धि का नहीं बल्कि सम्मान और न्याय की लड़ाई बन चुका है जो 17 नवंबर से पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरने जा रही है।

# जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के अवसर पर सिटी ग्राउंड में आयोजित जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी लगातार दूसरे दिन भी लोगों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस प्रदर्शनी में बस्तर संभाग के पिछले 25 वर्षों में हुए चहुंमुखी विकास की एक अद्भुत और जीवंत झलक प्रस्तुत की गई है।

प्रदर्शनी में लगे छायाचित्रों के माध्यम से बस्तर के परिवर्तित स्वरूप को दर्शाया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अधोसंरचना और जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से आए बदलावों को देखकर दर्शक



अभिभूत हो रहे हैं। प्रदर्शनी में स्वर्गीय बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, ज्ञानगुड़ी, एमआरएफ, बायपास सड़क सहित वनोपज संग्रहण एवं प्रंस्सकरण के अलावा अतिविशिष्ट व्यक्तियों के प्रवास कार्यक्रम इत्यादि के छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं।




# बस्तर की आत्मा, संघर्ष और प्रेम की कहानी है माटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की माटी,उसकी खुशबू, दर्द, संघर्ष और उम्मीदों को सिल्वर स्क्रीन पर उतारने जा रही है चन्द्रिका फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म माटी।

- स्थानीय कलाकारों की भागीदारी, वास्तविक घटनाओं से प्रेरित फिल्म है

यह केवल एक प्रेमकथा नहीं बल्कि उस धरती की पुकार है जिसने दशकों तक हिंसा,संघर्ष और मानवीय करुणा के बीच खुद को जीवित रखा।

फिल्म के निमार्ता संपत झा ने पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में शनिवार को बताया कि माटी में नायक-नायिका नहीं बल्कि इंसान और उनकी संवेदनाएं हैं। यह कहानी है बस्तर की उन आत्माओं की जिन्होंने नक्सलवाद की आग में सब कुछ झेलते हुए भी उम्मीद की लौ जलाए रखी।

निर्देशक अविनाश प्रसाद ने कहा कि जब कैमरा बस्तर की घाटियों की ओर मोड़ा तो वहां सिर्फ दृश्य नहीं बल्कि आत्मा की गहराई तक उतरने वाली अनुभूति मिली। माटी उन्हीं अहसासों की कहानी है। फिल्म का स्क्रिप्ट हेमंत कश्यप का है। पूरी फिल्म की शूटिंग बस्तर के प्राकृतिक परिवेश में हुई है। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकार शामिल हैं जिनमें शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और आत्मसमर्पित नक्सली भी हैं। कलाकार निर्मल सिंह राजपूत और राजेश महंती पहले भी हल्बी फिल्मों में काम कर चुके हैं। फिल्म के हीरो महेंद्र ठाकुर, महिला नक्सली कमांडर के रूप में भूमिका महानंदी और हीरोइन की मां की भूमिका में डॉ.पूर्णिमा सरोज ने अपने अनुभव साझा किए। माटी में लोकगीतों,बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और मिट्टी की आत्मा को पिरोया गया है। फिल्म 14 नवंबर को रिलीज होगी और सफल रही तो इसे ओड़िया व तेलुगु भाषाओं में डब कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने की योजना है। पत्रवार्ता के दौरान फिल्म का टेलर बड़े स्क्रीन पर दिखाया गया।



### कई चुनौतियों के बाद बनी फिल्म

निर्माता ने बताया फिल्म बनाना आसान नहीं था। शूटिंग के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। यहां तक कि ट्रेलर देखने के बाद एनआईए तक से पूछताछ का सामना करना पड़ा तब जाकर स्पष्ट हुआ कि यह सिर्फ एक फिल्म है। माटी के हर दृश्य में बस्तर की सच्चाई, संघर्ष और प्रेम की खुशबू है।

